
**1. नीचे दी गई आकृति में त्रिभुजों की संख्या बताइए है?**



(A) 16 (B) 17
(C) 13 (D) 15
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**2. 'A', 'B', 'C', 'D', 'E' एवं 'F' एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर बैठे हैं। 'C', 'E' के बगल की किसी सीट पर नहीं बैठा है। 'A', 'E' और 'F' के मध्य बैठा है तथा 'E' 'D' के सामने बैठा है। 'F' के सामने कौन बैठा है ?**

(A) C (B) D
(C) A (D) B
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**3. बच्चों की एक पंक्ति में, गीता बायें छोर से पाँचवें स्थान पर है और प्रवीण दाहिने छोर से बारहवें स्थान पर है। यदि प्रवीण, गीता की ओर तीन स्थान खिसक जाता है, तो वह बायें छोर से दसवें स्थान पर आ जाता है। पंक्ति में कुल कितने बच्चे हैं?**

(A) 24
(B) 26
(C) 20
(D) 22
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**4. एल्डिहाइड में उपस्थित कार्यात्मक (फंक्शनल) समूह है:**

(A) $-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-$ (B) $-\overset{\overset{O}{\|}}{C}-OH$

(C) $-OH$ (D) $-\overset{\overset{H}{|}}{C}=O$

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**5.** $CH_3-\underset{\underset{CH_3}{|}}{CH}-CH_2CH_3$ **दिये गये यौगिक का IUPAC है:**

(A) पेन्टेन (B) 3-मिथइलब्यूटेन
(C) 2-मिथाइलब्यूटेन (D) 1-मिथाइलब्यूटेन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**6.** $CH_3CH_2OH \xrightarrow{\text{Alkaline } KMnO_4 \text{ + Heat}} CH_3COOH$

**उपरोक्त अभिक्रिया में क्षारीय $KMnO_4$________ के रूप में कार्य करता है।**

(A) उत्प्रेरक (B) निर्जलीकरण कर्मक
(C) अपचायक कर्मक (D) ऑक्सीकरण कर्मक
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**7. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म/जोड़ा विस्थापन अभिक्रिया देगा?**

(A) CuSO4 विलयन और चांदी (सिल्वर) धातु
(B) NaCl विलयन और ताम्र (कॉपर) धातु
(C) FeSO4 विलयन और ताम्र (कॉपर) धातु
(D) AgNO3 विलयन और ताम्र (कॉपर) धातु
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**8. निम्नलिखित में से राजस्थान की किस नदी पर मेजा बांध बनाया गया है?**

(A) जवाई (B) माही
(C) पार्वती (D) कोठारी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**


**9. मरुस्थलीय मृदा के बारे में सबसे असत्य कथन का चयन करें।**

(A) बेर, सहजन तथा करौंदा ग्मरुस्थलीय मृदा के सुधार में उत्तम माने जाते हैं।
(B) मरुस्थलीय मृदा पूर्वी राजस्थान में पायी जाती है।
(C) मरुस्थलीय मृदा पवनों के द्वारा विस्थापित हो जाती है।
(D) इसमें उर्वरता की कमी लेकिन अधिक लवणता बनी रहती है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**



**10. राजस्थान में तालछापर वन्यजीव ________ अभयारण्य में स्थित है?**
(A) सिरोही (B) जयपुर
(C) बूंदी (D) चुरू
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**11. दिए गए चित्र में, यदि PQ||RS, ∠QPE=128° एवं ∠PER=148°, तो ∠SRM बराबर है:**




(A) 96° (B) 98°
(C) 88° (D) 92°
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**12. रेखा 2x - 3y + 6 = 0 के द्वारा और निर्देशांक अक्षों के साथ निर्मित त्रिभुज का क्षेत्रफल है:**
(A) 7 वर्ग इकाई (B) 10 वर्ग इकाई
(C) 3 वर्ग इकाई (D) 4 वर्ग इकाई
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**13. A और B किसी कार्य को क्रमशः 45 दिनों और 40 दिनों में पूरा कर सकते हैं। वे मिलकर कार्य प्रारम्भ करते हैं लेकिन A, 'm' दिनों के बाद कार्य छोड़ देता है और B शेष कार्य को (m+14) दिनों में पूरा कर देता है, तो m का मान है:**
(A) 5 दिन (B) 17 दिन
(C) 9 दिन (D) 23 दिन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**14. निम्नलिखित में से कौन सा एक्सेल शीट के नाम के लिए सबसे उपयुक्त है?**
(A) न्यूनतम 2 वर्ण, अधिकतम 19 वर्ण
(B) न्यूनतम 2 वर्ण, अधिकत
(C) न्यूनतम 1 वर्ण, अधिकतम 21 वर्ण
(D) न्यूनतम 1 वर्ण, अधिकत
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**15. एक प्रस्तुति के दौरान एक स्लाइड से दूसरी स्लाइड के परिवर्तन में आने वाले स्पेशल इफेक्ट को क्य (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) कस्टम एनिमेशन (B) प्रेजेंट एनिमेशन
(C) स्लाइड ट्रांजिशन (D) इफेक्ट
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**16. ________ शॉर्टकट की एक्सेल में चयनित कॉलम को छिपाती है।**
(A) F2 (B) Ctrl + 0 (Zero)
(C) Shift + F10 (D) Alt + H
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**17. निम्न में से कौन सा कथन विभिन्न प्रकार के एम एस वर्ड एलाइनमेन्ट के बारे में सत्य नहीं है:-**
(A) दायाँ एलाइनमेन्ट-अनुच्छेद की सभी लाइने दाँयी ओर पंक्तिबद्ध होंगी
(B) जस्टिफाई-अनुच्छेद की बाँयी तरफ (एलाइन) पंक्तिबद्ध होगी जिसमें आखिरी पंक्ति भी सम्मिलित है
(C) बायाँ एलाइनमेन्ट-अनुच्छेद की सभी लाइने बाँयी ओर पंक्तिबद्ध होंगी
(D) मध्य एलाइनमेन्ट-अनुच्छेद की सभी लाइने मध्य केन्द्र में पंक्तिबद्ध होंगी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**18. जनसंख्या की उस स्थिति का चयन कीजिए जिसमें पूर्व प्रजनन प्रावस्था वाले सदस्यों की संख्या प्रजनन वाले सदस्यों से कम हो:**
(A) ह्रासमान
(B) प्रावस्थाएं एक दूसरे को प्रभावित नहीं करती हैं।
(C) प्रसारी (D) स्थायी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**19. निम्नलिखित में से भारत में 'पारिस्थितिकी' के जनक के रूप में किसे जाना जाता है?**
(A) पंचानन महेश्वरी (B) लालजी सिंह
(C) सी.वी. रमन (D) रामदेव मिश्रा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**20. निम्न में से क्या एक कवक द्वारा उत्पादित होता है?**
(A) एसिटिक अम्ल (B) लैक्टिक अम्ल
(C) सिट्रिक अम्ल (D) ब्यूटिरिक अम्ल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**21. थैलेसीमिया से संबंधित सबसे उपयुक्त कथन का चयन कीजिए:**
(A) आर.बी.सी (RBC) उत्पन्न करने वाले जीन में त्रुटि होने के कारण थैलेसीमिया रोग होता है।
(B) थैलेसीमिया रोगी को जीवित रहने के लिए बारम्बार रुधिर आधान की आवश्यकता होती है
(C) थैलेसीमिया जीन Y गुणसूत्र पर उपस्थित होता है।
(D) थैलेसीमिया रोगी सामान्य हीमोग्लोबिन बनाने में सक्षम होते हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**22. एक व्यक्ति अत्यधिक कमजोरी का लक्षण दर्शाता है उसका कारण 'बेरीबेरी' रोग पाया जाता है। निम् उसे आहार व दवा में पूरक रूप में दिया जाएगा?**
(A) विटामिन सी (B) विटामिन डी
(C) विटामिन ए (D) विटामिन बी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**23. निम्न में से किस रुधिर समूह की लाल रक्त कोशिकाओं में A तथा B दोनों प्रतिजन (एंटीजन) पाये जाते हैं?**
(A) AB (B) O
(C) A (D) B
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**24. 24 सूची -I को सूची -II से सुमेलित कीजिए :**

**सूची-I (अनेक शब्द) सूची-II (अनेक शब्द)**

a. जिसके समान दूसरा नहीं है - I. अजातशत्रु
b. जिसका कोई शत्रु नहीं है - II. कृतज्ञ
c. जो बहुत बोलता है - III. वाचाल
d. जो किये गये उपकारों को मानता है - IV. अद्वितीय

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए :**

(A) a-IV, b-II, c-III, d- I (B) a-III, b-I, c-II, d-IV
(C) a-I, b-II, c-IV, d-III (D) a-IV, b-I, c-III, d-II
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**25. निम्नलिखित में पत्र लेखन की एक अनिवार्य विशेषता है-**

(A) विचारों में दुरुहता (B) विचारों में व्यंग्यात्मकता
(C) विचारों में क्रमबद्धता (D) विचारों में अस्पष्टता
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**26. निम्नलिखित में भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है-**

(A) मीठा (B) निज
(C) गर्मी (D) मित्र
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**27. 'कृष्णार्पण' में समास है-**

(A) द्वंद्व (B) अव्ययीभाव
(C) बहुव्रीहि (D) तत्पुरुष
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**28. 'परिदर्शन' में निहित उपसर्ग है-**

(A) प (B) न
(C) पर (D) परि
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**29. चतुराई' शब्द में कौन सा प्रत्यय है?**

(A) राई (B) अई
(C) आई (D) ई
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**30. राजस्थान मूल्य संवर्धित कर अधिनियम (वैल्यू एडेड टैक्स) किस वर्ष पारित हुआ?**

(A) 2007 (B) 2010
(C) 2003 (D) 2006
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**31. धीरुभाई अंबानी सौर पार्क कहाँ पर स्थित है?**

(A) सूरतगढ़ (B) कवाई
(C) कोटा (D) धुरसर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**32. निम्नलिखित में से कौन सा राजस्थान का पहला बड़ा कोयला-आधारित ताप विद्युत संयंत्र है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)**

(A) सूरतगढ़ विद्युत संयंत्र
(B) कालीसिंध ताप विद्युत संयंत्र
(C) छाबड़ा विद्युत संयंत्र (D) कोटा ताप विद्युत संयंत्र
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**33. दादू दयाल का जन्म हुआ था:**

(A) कोटा में (B) अहमदाबाद में
(C) नागौर में (D) बीकानेर में
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**34. नीम का थाना में कांतली नदी के स्त्रोत पर ताम्र संस्कृति का कौन सा स्थल खोजा गया?**

(A) गणेश्वर (B) आहड़
(C) गिलून्ड (D) बागोर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**35. निम्नलिखित में से कम्बोज के किस राजा ने कुल 326 अनुच्छेदों के चार ग्रन्थों की रचना की?**

(A) राजवर्मन (B) जयवर्मन
(C) बहुवर्मन (D) यशोवर्मन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**36. निम्नलिखित श्रेणी में आगामी संख्या क्या होगी?**
**3, 10, 20, 39, 85, ?**

(A) 99 (B) 101
(C) 212 (D) 112
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**37. :: के बायीं ओर दो पट्टों के मध्य कुछ संबंध है और उसी प्रकार का संबंध उसके दायीं ओर के दो पदों के मध्य है। प्रश्नवाचक चिह्न में आने वाले विकल्प का पता लगाइए।**
**324: 289:: 256**

(A) 225 (B) 361
(C) 125 (D) 200
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**38. भारत सरकार एक नये राष्ट्रमार्ग टोल संग्रहण प्रणाली पर विचार कर रही है यह किस तकनीक पर आधारित होगा? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**

(A) ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम
(B) रेडियो फ्रीक्वेन्सी आइडेन्टीफिकेशन
(C) बारकोड स्कैनिंग
(D) नियर फील्ड कम्यूनिकेशन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**39. डी आर डी ओ ने 18 अप्रैल 2024 को स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल (ITCM) का सफल उड़ान परीक्षण कहाँ किया था?**

(A) आंध्र प्रदेश (B) कर्नाटक
(C) राजस्थान (D) ओडिशा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**40. टोडगढ़ रावली वन्य अभयारण्य __________ में स्थित है।**

(A) छत्तीसगढ
(B) राजस्थान
(C) असम
(D) पश्चिम बंगाल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**41. मार्च 2024 में, सी. बी. एस. ई. के नए अध्यक्ष के पद पर किसे नियुक्त किया गया?**
(A) विनय कुमार (B) सुबोध कुमार सिंह
(C) नवनीत सहगल (D) राहुल सिंह
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**42. क्ले (मिट्टी) कोर्ट में मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में मैच जीतने वाले प्रथम भारतीय कौन हैं?**
(A) सुमित नागल (B) सागर कश्यप
(C) रमेश कृष्णन (D) नितिन किरतने
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**43. 'आच्छादन' का संधि विच्छेद है-**
(A) आच्छात् + न (B) आ + छादन
(C) अच् + छादन (D) अच्छा + दन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**44. 'सूक्ति' शब्द का संधि विच्छेद कीजिए।**
(A) सु + उक्ति (B) सूक्त + ई
(C) सू+उक्ति (D) सु + ऊक्ति
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**45. 'धर्माधर्म' में समास है-**
(A) द्वंद्व (B) कर्मधारय
(C) अव्ययीभाव (D) तत्पुरुष
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**46. अल्लाह जिलाई बाई की लोकप्रियता का कारण क्या है?**
(A) कुर्जा गायन
(B) वाद्य यंत्र बजाना
(C) डांस (नृत्य)
(D) मांड गायन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**47. कामडिया पंथ की स्थापना किसने की ?**
(A) हड़बू जी (B) तेजा जी
(C) रामदेव जी (D) मल्लिनाथ
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**48. सीकर का कौन सी स्थान गोटा उद्योग के लिए प्रसिद्ध है?**
(A) नेछवा (B) खंडेला
(C) खूड़ (D) पिपराली
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**49. निम्नलिखित में कालवाचक अव्यय नहीं है-**
(A) परे (B) पहले
(C) तुरत (D) नित्य
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**50. निम्नलिखित में शुद्ध लिखित वाक्य है-**
(A) उसकी आँखों में दर्द है।
(B) यह मेरा ही हस्तक्षर है।
(C) मेरे को आगरा जाना है।
(D) इसी कार्य में तुम्हारी अच्छाई है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**51. निम्नलिखित लोकोक्ति के सही अर्थ का चयन कीजिए: "एक तो करेला दूजा नीम चढ़ा"**
(A) एक कड़वीहट वाली सब्जी
(B) एक करेला और दो नीम के पेड़
(C) बुरे को बुरे का साथ मिलना
(D) नीम से पेड़ पर करेले की बेल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**52. निम्नलिखित में से पत्र लेखन का प्रकार नहीं है-**
a. संक्षेपण b. व्यक्तिगत
c. व्यापारिक d. आधिकारिक
e. पल्लवर्न
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए :**
(A) केवल c और d (B) केवल b, c और d
(C) केवल a और e (D) केवल b और c
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**


**53. आदि से अंत तक' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द प्रयुक्त होता है-**
(A) अंततोगत्वा (B) आद्योपांत
(C) अनादि (D) अनायास
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**54. फीफा महिला विश्व कप, 2027 की मेजबानी कौन सा देश करेगा?**
(A) आस्ट्रेलिया (B) दक्षिण अफ्रीका
(C) भारत (D) ब्राजील
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**55. निम्नलिखित में से किस भारतीय पैरालिम्पियन ने पैरालिम्पिक 2024 में दो स्वर्ण पदक जीते हैं?**

**(निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुने)**
(A) योगेष कटूरिया (B) देवेन्द्र झांझरिया
(C) मनीष नरवाल (D) निषाद कुमार
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[*]**

**56. एक वृत्त का केंद्र P है। एक स्पर्शरखा खींची जाती है जो वृत्त को M पर स्पर्श करती है। यदि ∠BPM = 70° है, तो ∠DMR का मान (अंश में) क्या है?**




(A) 70°
(B) 75°
(C) 55°
(D) 60°
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**57. यदि cosec θ + cot θ = m है, तो $\frac{m^2-1}{m^2+1}$ का मान ज्ञात कीजिए-**

(A) cosec θ (B) tan θ
(C) sin θ (D) cos θ
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**58. यदि $\sqrt{80}+6\sqrt{5}=$ 22.35 है तो $3\sqrt{5}+\sqrt{125}$ का मान क्या होगा?**

(A) 22.88 (B) 25.88
(C) 16 (D) 17.88
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**59. Choose the most appropriate passive form of the word 'Mistake' to complete the sentence:**
**The meter reader __________ for a burglar by the landlady.**

(A) was mistaken (B) has mistaken
(C) mistook (D) was mistook
(E) Question not attempted **[D]**

**60. Choose the most appropriate option to fill in the blanks:**
**He looked at me with ________ horror when I explained that I was ________ double agent. (x = blank)**

(A) the, the (B) the, x
(C) a, a (D) x, a
(E) Question not attempted **[C]**

**61. अनेकार्थी शब्द 'कनक' का निम्नलिखित में एक अर्थ नहीं है-**

(A) धतूरा (B) पलाश
(C) कंचन (D) सोना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**62. निम्नलिखित में 'अरण्य' का पर्यायवाची शब्द है-**

(A) अपूर्व (B) कांतार
(C) तुरंग (D) वाहस
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**63. निम्नलिखित में विलोम शब्दों का सही युग्म नहीं है-**

(A) गुरु-लघु (B) श्लाघा प्रशंसा
(C) प्रत्यक्ष परोक्ष (D) मुख्य - गौण
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**64. राजस्थान के प्रथम राज्यपाल कौन थे? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)**

(A) श्री गुरुमुख निहाल सिंह
(B) श्री हेम बहादुर सिंह
(C) श्री कलराज मिश्र
(D) महाराजा सवाई मान सिंह
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**


**65. कौन सी बोली, चुरू, झुंझुनू, हनुमानगढ़, सूरतगढ़ और गंगानगर क्षेत्र में बोली जाती है?**
**(निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)**

(A) शेखावाटी (B) मारवाड़ी
(C) मालवी (D) मेवाड़ी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**66. राकेश अमन के पिताजी की बहन का पुत्र है। सोनु दिशा का पुत्र है जो गोपाल की माता जी हैं और अमन की दादी हैं। आरव तान्या के पिताजी और राकेश के दादाजी हैं। आरव की पत्नी दिशा है। राकेश का दिशा से क्या संबंध है।**

(A) भानजा (भतीजा) (B) चचेरी बहन/भाई
(C) पोता (पौत्र) (D) भतीजी (भानजी)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**67. आकृति (X) में दिखाई गई शीट को मोड़ कर तैयार बॉक्स को दिए गए विकल्पों में से चयन करें।**




(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**Read the passage carefully and answer questions that follow by choosing the correct option:**
**(Q. No. 68 to 72)**

While working in the establishments of Space Defense Research and Atomic Energy, Dr. Kalam found that the best human beings and the most innovative minds were present here, in plenty. One common feature 'was also found in all the scientists and technologists: they were not afraid of failures during their pursuits because failures contained within themselves the seeds for further learning, which could lead to better technology and eventually to high level of success. These people were great dreamers and their dreams finally culminated in spectacular achievements. Taking account of the combined

लक्ष्य क्लासेज उदयपुर

technological strength of all these scientific institutions, it would certainly be comparable to the best found in the developed world.

Regarding personal freedom, Kalam is said to have adopted two techniques to strengthen it. First, by building one's own education and skills - knowledge is the most precious tool; the more up-to-date knowledge one possesses, the freer one is. A leader can only be free to lead his team, if he keeps abreast of all that is happening around him. To lead is in a way, to engage in continuing education. The second way, is to develop a passion for personal responsibility, by way of taking on responsibility to work for the things you believe in. If you do not, you would be surrendering your fate to others. Historian Edith Hamilton wrote of ancient Greece, "When the freedom they wished for most was freedom from responsibility, then Athens ceased to be free and was never free again. The truth is that there is a great deal that most of us can do to increase our freedom. We can combat the forces that threaten to oppress us. We can fortify ourselves with the qualities and conditions that promote individual freedom."

Dr. Kalam is neither an orthodox nor a conservative religionist. He has a scientific temper blended with spirituality. Drawing an analogy between science and spirituality he says, "While science has a habit of questioning, spirituality is based on known principles; both of them lead one to seek truth." He is an individual filled with humanism and loved and renowned by the entire nation, without any barriers of age and community. "India must stand up to the world because I believe that unless India stands up to the world, no one will respect us. Only strength respects strength." So said Dr. Abdul Kalam, the nuclear scientist who developed and structured India's missile arsenal. He belongs to the world of nuclear weaponisation and has supported the nuclearisation of India consistently.

**68. According to Dr. Kalam, the element that was common beween the scientists and technologists was:**

(A) They were not afraid of failure
(B) They were great dreamers
(C) They were best in the world
(D) They had spectacular achievements
(E) Question not attempted **[A]**



**69. According to Dr. Kalam, personal freedom can be achieved only when**

a. You empower yourself with knowledge

b. You free yourself from all responsibility

c. You develop a passion for personal responsibility.

d. You develop courage to be responsible for the work you believe in

**Choose the most appropriate answer from the options given below:**

(A) b, d and a only (B) a, c and d only

(C) a, b and e only (D) b, c and d only

(E) Question not attempted **[B]**

**70. Dr. Kalam supported nuclearisaion of India as he strongly believed that:**

(A) Knowledge is the most precious tool

(B) There is a great deal that most of us can do to increase our freedom

(C) We can combat the forces that threaten to oppress us

(D) Unless India stands up to the world, no one will respect us

(E) Question not attempted **[D]**

**71. Dr. Kalam draws an analogy between science and spirituality according to which**

**a. Science is based on questioning whereas spirituality is based on established principles**

**b. Both are arrived at by not questioning**

**c. Both lead one to seek truth**

**d. Both are habits**

**Choose the most appropriate answer from the options given below:**

(A) c and d only

(B) a and c only

(C) a and b only

(D) b and c only

(E) Question not attempted **[B]**

**72. Match List-I with List-II**

| **List-I** | **List-II** |
|---|---|
| a. Conservative | I. Using new ideas |
| b. Arsenal | II. To feel stronger |
| c. Innovative | III. A collection of weapons |
| d. Fortify | IV. Opposed to sudden social change |

**Choose the most appropriate answer from the options given below:**

(A) a-II, b-IV, c-III, d-I (B) a-I, b-IV, c-II, d-III

(C) a-III, b-II, c-I, d-IV (D) a-IV, b-III, c-I, d-II

(E) Question not attempted **[D]**

**73. Choose the word closest in meaning to the underlined word from the given options:**

**During the course of the interview, she refused to answer the question that <u>infringed</u> on her personal life.**

(A) irlfused (B) Invaded

(C) ingrained (D) ingested

(E) Question not attempted **[B]**

**74. Choose the most appropriate word similar in meaning to <u>NONCHALANT</u>**

(A) insurrection (B) intimidating

(C) indifferent (D) insubstantial

(E) Question not attempted **[C]**

**75. राष्ट्रीय फैशन, प्रौद्योगिकी संस्थान राजस्थान में कहाँ स्थित है?**

(A) जयपुर (B) कोटा

(C) जोधपुर (D) उदयपुर

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**76. वह अभिक्तिया जिसमें उत्पाद ही उत्प्रेरक का कार्य करता है, __________ अभिक्रिया कहलाती है।**

(A) जैवरासायनिक (B) विस्थापन

(C) उत्क्रमणीय (D) स्वतः उत्प्रेरित

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**77. Choose the most appropriate option to fill in the blank:**

**I need to buy ______ eggs but I haven't got ________ money to pay for them.**

(A) all, little (B) few, a little

(C) some, any (D) any, some

(E) Question not attempted **[C]**

**78. Choose the most appropriate statement from the following:**

(A) A D.O letter is written by an authority to the employees of that organization.

(B) 'Yours respectfully' is the appropriate subscription for an informal letter.

(C) The format of the date in an official letter is 01/04/24.

(D) A notice is distributed to the selected people in an organization.

(E) Question not attempted **[A]**

**79. Choose the most appropriate word to complete the given sentence:**
**The boy crawled ________ the fence to enter the garden.**
(A) under (B) near
(C) above (D) out
(E) Question not attempted **[A]**

**80. किसी वस्तु को ₹ 1,920 में बेचने पर अर्जित लाभ का प्रतिशत और उसे ₹ 1,280 में बेचने पर हानि का प्रतिशत एक समान है। इस वस्तु को किस कीमत पर बेचा जाए कि 30% लाभ प्राप्त हो सके?**
(A) ₹ 2,080 (B) ₹ 3,500
(C) ₹ 2,000 (D) ₹ 1,900
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**81. यदि $\frac{x}{y}+\frac{y}{x}=1$, तो $x^3+y^3=?$**
(A) –1 (B) –xy
(C) 0 (D) 1
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**82. $\left[\frac{1}{\log_3 72}+\frac{1}{\log_4 72}+\frac{1}{\log_6 72}\right]$ का मान है:**
(A) 2 (B) 5
(C) 0 (D) 1
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**83. ग्रेगर मेंडल ने अपने कृत्रिम पार परागण प्रयोग के लिए मटर के पौधे की कितनी शुद्ध प्रजनन किस्में उपयोग की?**
(A) 14 (B) 10
(C) 8 (D) 7
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**84. ऊँट की उस नस्ल को चुनिए जिसमें समुद्री जल में तैरने की उत्तम क्षमता होती है।**
(A) खराई (B) मेवाड़ी
(C) मालवी (D) जालोरी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**85. यदि संधारित्र की प्लेटों के बीच की वायु को अभ्रक, जिसका परावैद्युत नियतांक 4 है, से बदल दिया जाये तो, संधारित्र की धारिता-**
(A) 4 गुना हो जायेगी
(B) 2 गुना हो जायेगी
(C) अपरिवर्तित रहेगी
(D) $\frac{1}{4}$ हो जायेगी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**86. भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक के रूप में कौन विख्यात है?**
(A) डॉ. सतीश धवन
(B) डॉ. विक्रम साराभाई
(C) डॉ. ए.पी.जे अब्दुल कलाम
(D) डॉ. होमी जहाँगीर भाभा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**87. भारत द्वारा अंतरिक्ष में भेजा गया पहला उपग्रह था:**
(A) चंद्रयान-1 (B) आई आर एस (IRS)-1A
(C) इनसेट (INSAT)-1A (D) आर्यभट्ट
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**88. एक सामान्य नेत्र के लिए स्पष्ट दर्शन की न्यूनतम दूरी (या निकट बिंदु) 25 सेमी ली जाती है। एक वृद्ध व्यक्ति के लिए यह दूरी बढ़कर 50 सेमी तक हो जाती है। यदि व्यक्ति 25 सेमी की दूरी से पुस्तक पढ़ने का प्रयास करता है तो प्रतिबिंब (इमेज) धुंधला प्रतीत होता है। नेत्र का यह दृष्टि दोष कहलाता है:**
(A) मायोपिया या निकट दृष्टि दोष
(B) एस्टिगमेटिज्म या अबिंदुकता
(C) प्रेसबायोपिया या जरादोष
(D) हाइपरमेट्रोपिया या दूरदृष्टि दोष
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**89. राजस्थान के निम्नलिखित में से किस क्षेत्र को गुड़गांव नहर परियोजना से सिंचाई का लाभ होता है?**
(A) कोटा
(B) जोधपुर
(C) भरतपुर
(D) जयपुर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**90. 'डिग्गी' निर्माण क्या है?**
(A) नहर कमान क्षेत्र में फसलों और कृषि गतिविधियों के लिए अधिशेष जल बहाल करने का अभियान
(B) सिंचाई के लिए पाइपलाइन का निर्माण
(C) कृषि की एक नई पद्धति
(D) हथकरघा की एक तकनीक
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**91. बलवंत राय मेहता समिति निम्नलिखित में से किस उद्देश्य से स्थापित की गयी थी? (निम्नलिखित में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)**
(A) उस समय ग्राम पंचायत की कार्य शैली की रिपोर्ट देने के लिए
(B) सामुदायिक विकास परियोजनाओं को बेहतर दक्षता से लागू करने के सुझाव देने के लिए
(C) ग्राम पंचायत के पर्याप्त वित्तीय संसाधनों का निवेश करने के लिए
(D) लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण के सुझाव देने के लिए
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**92. राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों का निम्न में से कौन-सा भाग भारतीय संविधान से संबंधित है?**
(A) VI (B) IV-A
(C) IV (D) V
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**93. भारत के संविधान की प्रस्तावना में शब्द "Socialist" (समाजवादी) और "Secular" (धर्मनिरपेक्ष) किस संशोधन द्वारा जोड़े गये?**
(A) 44वाँ संशोधन (B) 46वाँ संशोधन
(C) 41वाँ संशोधन (D) 42वाँ संशोधन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**94. निम्नलिखित में से किसे राजस्थान के प्राचीनतम संग्रहालय के रूप में जाना जाता है?**
(A) अल्बर्ट हॉल (B) क्रिस्टल गैलरी
(C) आहड़ (D) आम्रपाली
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**95. कोलेरू झील भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?**
(A) आन्ध्र प्रदेश (B) तमिलनाडु
(C) ओडिशा (D) राजस्थान
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**96. निम्नलिखित में से राजस्थान के महाधिवक्ता (6 सितम्बर 2024 को) कौन हैं?**
(A) राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता (B) भुपेन्द्र मीणा
(C) जितेन्द्र गुप्ता (D) जय सिंह शर्मा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**97. नीचे दो कथन दिए गए हैं:**
**कथन - (I) :** पंचायती राज व्यवस्था की उच्चतम इकाई जिला परिषद् या डिस्ट्रिक्ट काउंसिल है। जिला परिषद् ग्रामीण विकास और प्रगति की योजनाओं और परियोजनाओं के कार्यान्वयन से संबंधित अधीक्षण शक्ति है।
**कथन - (II) :** जिला परिषद् (डिस्ट्रिक्ट काउंसिल) की व्यवस्था उस क्षेत्र के प्रत्यक्ष निर्वाचित सदस्यों अर्थात् जिला परिषद् के MLA, MP द्वारा की जाती है।
**उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) कथन (I) सही है किन्तु कथन (II) गलत है।
(B) कथन (I) गलत है किन्तु कथन (II) सही है।
(C) कथन (I) और कथन (II) दोनों सही हैं।
(D) कथन (I) और कथन (II) दोनों गलत हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**98. राजस्थान के राज्यपाल के नामों को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें:**
**a. श्री रघुकुल तिलक**
**b. श्री सुखदेव प्रसाद**
**c. डॉ. सम्पूर्णानंद**
**d. डॉ. एम. चेन्ना रेड्डी**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) c, b, d, a (B) c, a, b, d
(C) a, b, c, d (D) b, c, a, d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**99. राज्य सरकार के मुख्य सचिव की नियुक्ति कौन करता है?**
(A) राष्ट्रपति (B) राज्यपाल
(C) प्रधानमंत्री (D) मुख्यमंत्री
(E) अनत्तरित प्रश्न **[D]**

**100. राजस्थान राजस्व मंडल का मुख्यालय कहाँ है?**
(A) अजमेर (B) कोटा
(C) जोधपुर (D) उदयपुर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**101. सूची-I का मिलान सूची-II के साथ कीजिए**

| सूची-I (देश) | सूची-II (राजधानी शहर) |
|---|---|
| a. मॉरीशस | i. विक्टोरिया |
| b. सेशेल्स | ii. जकार्ता |
| c. मालदीव | iii. पोर्ट लुईस |
| d. इण्डोनेशिया | iv. माले |

**निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए:**
(A) a-iii, b-i, c-iv, d-ii (B) a-iv, b-iii, c-ii, d-i
(C) a-i, b-ii, c-iii, d-iv (D) a-ii, b-iv, c-i, d-iii
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**102. राजस्थान स्टेट अलाइड एंड हेल्थकेयर काउंसिल का गठन निम्न एक्ट के तहत किया गया है:-**
(A) नेशनल अलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशन कमीशन एक्ट - 2021
(B) नेशनल अलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशन कमीशन एक्ट - 2023
(C) नेशनल अलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशन कमीशन एक्ट - 2020
(D) नेशनल अलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशन कमीशन एक्ट - 2022
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**103. कौनसे शहर में अंतर्राष्ट्रीय आयुष (AYUSH) सम्मेलन व प्रदर्शनी 2024 हुई थी?**
(A) दुबई, यू. ए. ई.
(B) नयी दिल्ली, भारत
(C) लंदन, यू. के.
(D) मुम्बई, भारत
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**104. 'Compensatory' का हिंदी में प्रयोग किस अर्थ में होता है?**
(A) अर्जित (B) आकस्मिक
(C) पूर्ण (D) क्षतिपूरक
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**105. निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी युक्त शब्द हैं-**
**a. निरोग** **b. संन्यासी**
**c. अतीवृष्टी** **d. सात्त्विक**
**e. कनिष्ठ**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) केवल b, d और e (B) केवल a, b और e
(C) केवल a, b और d (D) केवल c, d और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**106. 'कुआँ खोदना' मुहावरे का सही अर्थ है-**
(A) आग बुझाना (B) क्रोध प्रकट करना
(C) हानि पहुँचाने का यत्न करना
(D) कठिन परिश्रम करना (E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**107. एक व्यक्ति जिसके रक्त में B प्रतिरक्षी है, किन रुधिर समूह को ग्रहण कर सकता है?**
(A) केवल A या B या AB या O
(B) केवल O (C) केवल A या O
(D) केवल B या O (E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**108. निम्नलिखित में से कौनसा राजस्थान का राज्य वृक्ष है?**
(A) रोहिडा (B) साल
(C) देवदार (D) खेजड़ी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**109. स्पाइरुलीना अच्छा स्रोत है-**
(A) शर्करा का (B) प्रोटीन का
(C) वसा का (D) विटामीन C का
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**110. इंदिरा गांधी नहर राजस्थान के निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में अवस्थित है?**
(A) अरावली क्षेत्र (B) दक्षिण पूर्वी क्षेत्र
(C) अर्ध शुष्क क्षेत्र
(D) पश्चिमी मरुस्थलीय मैदानी क्षेत्र
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**111. भारत के निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में आर्द्र पर्णपाती वन नहीं पाए जाते हैं?**
(A) पश्चिमी घाट के पूर्वी ढलान(B) प्रायद्वीपीय पठार
(C) हिमालय की गिरीपद (D) उत्तरपूर्वी राज्यों
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**112. राजस्थान का 'मिनी खजुराहो' किस मन्दिर को कहा जाता है?**
(A) रानी भटियानी मन्दिर (B) श्री नाकोडा जी मन्दिर
(C) रामगढ़ भंड देवरा मन्दिर (D) किराडू का मन्दिर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**113. 1903 ई. में बिजौलिया के किसानों पर चंवरी कर किसने लगाया था?**
(A) साधु सीता राम दास (B) महाराणा फतेह सिंह
(C) राव कृष्ण सिंह (D) जागीरदार पृथ्वी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**114. राजस्थान का सबसे पुरानी सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम कौनसा है?**
**(निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)**
(A) राजस्थान ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल लिमिटेड
(B) राजस्थान इलैक्ट्रोनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंट्स लिमिटेड
(C) हिंदुस्तान साल्ट्स लिमिटेड
(D) राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**115. विकास अध्ययन संस्थान कहाँ पर स्थित है?**
(A) जयपुर (B) माउन्ट आबू
(C) उदयपुर (D) भीलवाड़ा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**116. केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान कहाँ पर स्थित है?**
(A) बीकानेर (B) श्रीगंगानगर
(C) चित्तौड़गढ़ (D) जालौर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**117. संविधान की अंतिम रूपरेखा (ड्राफ्ट) किसके द्वारा दी गयी थी?**
(A) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर
(B) अलादी कृष्णास्वामी अय्यर
(C) डॉ. के. एम. मुंशी (D) एन गोपालास्वामी अय्यंगर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**118. 44वें संशोधन अधिनियम, 1978 के द्वारा निम्नलिखित में से कौनसे मौलिक अधिकार को सूची से हटा दिया गया था?**
(A) स्वतंत्रता का अधिकार
(B) सांस्कृतिक और शैक्षणिक अधिकार
(C) शोषण के विरुद्ध अधिकार
(D) संपत्ति का अधिकार
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**119. राजस्थान के प्रथम मुख्यमंत्री कौन थे? (निम्नलिखित में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)**
(A) हीरा लाल शास्त्री (B) हरि देव जोशी
(C) जय नारायण व्यास (D) टीका राम पालीवाल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**120. नीचे दिए गए आंकड़ों के लिए माध्यिका एवं बहुलक में क्या अंतर है?**
**90, 94, 52, 68, 80, 94, 52, 65, 87, 90, 70, 52**
(A) 27 (B) 29
(C) 23 (D) 25
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**121. एक धनराशि चक्रवृद्धि ब्याज से तीन वर्षों के बाद ₹ 6,690 एवं 6 वर्षों के पश्चात ₹ 10,035 हो जाती है, तो मूल जमा राशि ज्ञात करें।**
(A) ₹ 4,900 (B) ₹ 5,000
(C) ₹ 4,400 (D) ₹ 4,460
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**122. सोने के एक बिस्कुट की कीमत उसके भार के वर्ग के समानुपाती है। एक व्यक्ति इस सोने के बिस्कुट को 3 : 2 : 1 के अनुपात में तोड़ता है और पाता है कि उसे ₹ 4,840 की हानि हो रही है। सोने के बिस्कुट की प्रारंभिक कीमत ज्ञात करें।**

(A) ₹ 7,920 (B) ₹ 8,000
(C) ₹ 7,000 (D) ₹ 7,200
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**123. वर्णान्धता के जीन ________ पर स्थित होते हैं।**

(A) Y-गुणसूत्र
(B) माइटोकोन्ड्रियाई डी.एन.ए (DNA)
(C) अलिंगसूत्र
(D) X-गुणसूत्र
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**124. निम्नलिखित अभिक्रियाओं में से -**

**(i) $2SO_2+0_2 \rightleftharpoons 2SO_3$**
**(ii) $N_2+3H_2 \rightleftharpoons 2NH_3$**
**(iii) $N_2+0_2 \rightleftharpoons 2NO$**
**(iv) $H_2+I_2 \rightleftharpoons 2HI$**
**कौनसी अभिक्रियाएं उत्प्रेरक की उपस्थिती में होती हैं?**

(A) (i) तथा (ii)
(B) (i), (ii) तथा (iii)
(C) (i) तथा (iii)
(D) (ii) तथा (iv)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**125. Choose the most appropriate English translation of the given sentence.**
**गलतियां निकालना आसान है।**

(A) It has been easy to find faults
(B) Gandarame you coisa
(C) It's easy to find faults
(D) faulte can't the coally twing
(E) Question not attempted **[A]**

**126. Choose the most appropriate Deported form of the given sentence:**
**He said, "Don't walk on snow it isn't safe"**

(A) He told us that it is not safe to walk on the snow
(B) He warned them how unsafe it was to walk on snow
(C) He warned us not to walk on snow as it wasn't safe.
(D) He said to us not welk op snow for it isn't safe.
(E) Question not attempted **[C]**

**127. Choose the most appropriate form of the verb to fill in the blank:**
**The passengers in the waiting room are restless after the announcement that the Train______ late.**

(A) was running (B) is running
(C) runs (D) was late
(E) Question not attempted **[D]**

**128. Identify the grammatically most appropriate sentence from the options:**

(A) In a week's time I will be completed my work.
(B) In a week's time I will be complete my work.
(C) In a week's time I will complete my work.
(D) In a week's time I will have completed my work.
(E) Question not attempted **[C]**

**129. Choose the most appropriate word to complete the given sentence:**
**His ideas on the link betwee art and culture in Asia do not conform ________ the generally accepted theories.**

(A) with (B) to
(C) within (D) into
(E) Question not attempted **[B]**

**130. Choose the most appropriate English word for the given word:**
**दुरुत्साहन**

(A) Abolishment (B) Apartment
(C) Abetment (D) Abatement
(E) Question not attempted **[C]**

**131. Choose the most appropriate one-word substitution of the given sentence:**
**A portable case for holding papers, drawings, documents etc.**

(A) wardrobe (B) briefcase
(C) rack (D) portfolio
(E) Question not attempted **[D]**

**132. Chooss the most Appropriate for the word which is opposite in meaning to the given word.**
**Disparage**

(A) Comfort (B) Applaud
(C) Derogatory (D) Detraction
(E) Question not attempted **[B]**

**133. किसी कार्य को पूरा करने के लिए चरणबद्ध (स्टेप बाय स्टेप) प्रक्रम के समुच्चय को कहते हैं __________।**
(A) हार्डवेयर प्रोग्राम (B) एल्गोरिदम
(C) फर्मवेयर प्रोग्राम (D) सॉफ्टवेयर बग
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**134. 'की बोर्ड की' के संदर्भ में निम्न में से कौनसा युग्म सही नहीं है?**
(A) पंक्चुएशन की - (;) Semicolon.
(B) नेविगेशन (नात्य) की - Page Up
(C) कन्ट्रोल की - Tab
(D) कमान्ड की - Caps Lock
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**135. निम्नलिखित में से कौन एम एस ऑफिस में ओपन कमांड है?**
(A) Alt + O (B) Shift + O
(C) Tab + O (D) Ctrl + O
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**


**136. जब सौर प्रकाश की एक बारीक रश्मि एक काँच के प्रिज्म पर आपतित होती है, तो निर्गत प्रकाश सात रंगों को दर्शाता है। निर्गत प्रकाश में:-**
(A) बैंगनी व लाल प्रकाश दोनों बराबर विचलित होते हैं।
(B) प्रकाश रश्मि का विचलन नहीं होता है।
(C) बैंगनी प्रकाश सबसे अधिक और लाल प्रकाश सबसे कम विचलित होता है।
(D) लाल प्रकाश सबसे अधिक और बैंगनी प्रकाश सबसे कम विचलित होता है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**137. एक 90 m ऊँची चट्टान की चोटी से, टॉवर की चोटी एवं आधार के अवनमन कोण क्रमशः 30° एवं 60° हैं। टॉवर की ऊँचाई क्या है?**
(A) 60 m (B) 70 m
(C) 30 m (D) 40 m
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**138. एक ठोस लम्ब वृत्तीय बेलन की ऊँचाई 17 सेमी एवं त्रिज्या 8 सेमी है। इस बेलन को तीन बराबर भागों (इसके आधार के समांतर दो कट) में काटा गया। कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल में वृद्धि का प्रतिशत क्या है?**
(A) 79% (B) 64%
(C) 50% (D) 68%
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**139. सान्द्र $HNO_3$ और सान्द्र HC1 को क्रमशः _______ अनुपात में मिलाकर ताजा एक्वारेज़िया (अम्लराज) मिश्रण बनाया जाता है।**
(A) 3 : 1 (B) 3 : 2
(C) 1 : 3 (D) 2 : 3
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**140. प्रकाश की एक किरण समतल दर्पण पर $15^0$ के आपतन कोण पर आपतित की जाती है (जैसा कि चित्र में दिखाया गया है) ∠X का मान होगा:-**




(A) 15° (B) 85°
(C) 45° (D) 65°
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**141. निम्नलिखित में से कौनसी पश्चिम की ओर बहने वाली नदी का सबसे बड़ा जलग्रहण-क्षेत्र है?**
(A) साबरमती (B) भरतपुझा
(C) माही (D) पेरियार
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**142. छत्रक शैल, स्थानांतरी रेतीले टीले और प्लाया भारत के निम्नलिखित में से किस क्षेत्र की विशेषताएँ हैं?**
(A) भारतीय मरुस्थल (B) प्रायद्वीपीय पठार
(C) द्वीप (D) तटीय मैदान
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**143. कंचनजंगा शिखर हिमालय के निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में स्थित है?**
(A) हिमाचल और उत्तराखंड हिमालय
(B) कश्मीर हिमालय
(C) दार्जिलिंग और सिक्किम हिमालय
(D) अरुणाचल हिमालय हिमालय
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**144. निम्न में से किस सॉफ्टवेयर की एक विशेषता 'पिवट टेबल' है?**
(A) माइक्रोसॉफ्ट एक्सेस (B) माइक्रोसॉफ्ट पीवरपाइन्ट
(C) माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल (D) माइक्रोसॉफ्ट वर्ड
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**145. निम्नलिखित में से कौनसी इनपुट डिवाइस है?**
(A) माउस (B) विजुअल डिसप्ले यूनिट
(C) स्पीकर (D) प्रिंटर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**146. एक्सेल का निम्नलिखित में से कौनसा कमांड आपकी कार्य पुस्तिका की पिछली शीट पर ले जाएगा?**
(A) Ctrl + Page Up
(B) Tab + Page Up
(C) Ctrl + Shift + Page Up
(D) Alt + Page Up
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**147. अंकित एक सुबह सूर्योदय के पश्चात् एक खम्बे की ओर मुख करके खड़ा था। खम्बे की छाया अंकित के बायीं ओर बन रही थी। अंकित किस दिशा की ओर मुख करके खड़ा था?**

(A) उत्तर (B) दक्षिण
(C) पूर्व (D) पश्चिम
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**148. यदि 15 फरवरी 2018 को गुरुवार था, तो 19 अप्रैल 2019 को कौन-सा दिन था?**

(A) शनिवार (B) रविवार
(C) गुरुवार (D) शुक्रवार
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**149. दिए गए कथनों को सत्य मानें यद्यपि उनमें सामान्यतया ज्ञात तथ्यों से असंगति पाई जाती हो, उसके पश्चात् नीचे दिए गए कथनों से प्रदत्त तथ्यपूर्ण निष्कर्षों का निर्णय लें।**

**कथन:**

**कोई कागज कार नहीं है।**
**सभी कार मार्कर हैं।**
**कुछ मार्कर इरेजर (रबर) हैं।**

**निष्कर्ष:**

**I. कुछ कार इरेजर (रबर) होते हैं यह संभावना है।**
**II. कुछ कागज मार्कर हैं।**

(A) निष्कर्ष I एवं II दोनों अनुसरण करते हैं।
(B) न तो I और न ही II अनुसरण करता है।
(C) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(D) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**150. किसी विशिष्ट कोड में 'he made good money' को '1465' लिखा जाता है, 'he must be good' को '9421' लिखा जाता है, 'must save some money' को '9876' लिखा जाता है, 'be good save grace' को '2483' लिखा जाता है। 'some' के लिए निम्नलिखित में से कौनसा कोड होगा?**

(A) 8 (B) 9
(C) 6 (D) 7
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**



मुश्किल परीक्षाएं भी आसान लगेगी
जब करेंगे लक्ष्य के संग तैयारी

लक्ष्य क्लासेज उदयपुर

# नि:शुल्क सेमिनार के साथ

# नए बैच प्रारंभ

सभी बैच की फीस में **₹5000** तक का डिस्काउंट

**06 NOVEMBER 2024 @10.00 AM**

- 2nd ग्रेड शिक्षक (GK | Maths | Science | Hindi | Sanskrit | English | S.St.)
- स्कूल व्याख्याता Paper - 1
- 3rd ग्रेड अध्यापक+REET Level-1, Level-2
- All in One ब्रह्मास्त्र बैच
- BSTC/PTET
- RAS
- PATWAR
- Lab Assistant
- VDO
- LDC
- CONSTABLE
- SUB INSPECTOR
- जेल प्रहरी
- वनपाल/वनरक्षक
- Tax Assistant
- चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी

## लक्ष्य क्लासेस ऑफलाइन बैच की विशेषता :

- विख्यात विषय विशेषज्ञों द्वारा अध्यापन व मार्गदर्शन।
- श्रेष्ठ मैनेजमेंट एवं सपोर्ट टीम।
- 4K इंटरेक्टिव पैनल के माध्यम से अध्यापन।
- प्रत्येक विषय के अपडेटेड व अपग्रेडेड नोट्स।
- विगत वर्षों के हल सहित प्रश्न-पत्रों से अभ्यास।
- परीक्षा से पूर्व ऑनलाइन रिवीजन कोर्स।
- कोर्स पूरा होने के बाद प्रैक्टिस हेतु परीक्षा तक नियमित ऑनलाइन टेस्ट्स।
- ऑफलाइन विद्यार्थियों को सूचनाएँ/सपोर्ट देने व फीडबैक लेने के लिए अलग से एप।
- समय-समय पर टॉपिक/विषय और सम्पूर्ण कोर्स पर आधारित टेस्ट।

बैच में प्रवेश लेने वाले प्रथम 100 विद्यार्थियों को फ़ीस में विशेष डिस्काउंट दिया जाएगा

---

ये दिवाली खुशियों वाली, क्योंकि तैयारी होगी सिलेक्शन वाली

विद्यार्थियों की बेहद माँग पर
आ गया है लक्ष्य क्लासेज एप का

## दिवाली महा धमाका

21 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक

लक्ष्य क्लासेज एप के सभी ऑनलाइन कोर्सेस पर पाएँ

- Up to 90% Off
- FREE टेस्ट सीरीज़
- 6 माह की EXTRA VALIDITY

आज ही लक्ष्य क्लासेज एप डाउनलोड करें Google play | App Store

सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान
**लक्ष्य क्लासेज**™
Sector - 4, Main Road, Udaipur (Raj.)
M. 6376957258, 6376491126